Hindi

# NSW Seniors Card कार्यक्रम

# सदस्यता मार्गदर्शिका

## एनएसडब्ल्यू के वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले लाभों का आनंद उठाएँ






NSW GOVERNMENT | SENIORS CARD

# परिचय

NSW Seniors Card कार्यक्रम हमारे वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन यापन की लागत को कम करने और हमारे समुदाय में उनके योगदान को मान्यता देने के लिए एनएसडब्ल्यू सरकार की एक पहल है।

इसका उद्देश्य हजारों व्यवसायों से उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में छूट तथा सरकारी परिवहन में उदार रियायतों के संयोजन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद स्वास्थ्यप्रद, खुशहाल, और भी अधिक सक्रिय, संयोजित और किफायती तरीके से जीवन जीने में सहायता देना है।

एनएसडब्ल्यू में स्थायी रूप से निवास करने वाला 60+ आयु का प्रत्येक नागरिक इस कार्यक्रम में प्रस्तावित दो कार्डों में से किसी एक के लिए पात्र है: **Seniors Card** या **Senior Savers Card**।



## Seniors Card

*प्रति सप्ताह (औसतन 12 महीनों में) 20 घंटे या इससे कम समय के लिए वैतनिक रोजगार में काम करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए*




1992 में शुरू किया गया मूल Seniors Card 7,400 से भी अधिक व्यवसायों में छूटों के साथ-साथ Gold Opal कार्ड और परिवहन रियायतें भी सुलभ कराता है, जो संपूर्ण या अधिकांश रूप से सेवानिवृत्त लोगों को और भी अधिक स्वास्थ्यप्रद, खुशहाल, सक्रिय और किफायती तरीके से जीवन जीने में सहायता देता है।

## Senior Savers Card

*प्रति सप्ताह (औसतन 12 महीनों में) 20 घंटे या इससे अधिक समय के लिए अभी भी वैतनिक रोजगार में काम करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए*




इस कार्यक्रम में 2019 में शामिल किया गया Senior Savers Card इन 7,400+ व्यवसायों में उपलब्ध छूटों को ऐसे वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती हुई संख्या के लिए सुलभ कराता है, जो वर्तमान में 60 वर्ष की आयु के बाद काम कर रहे हैं तथा अभी तक Seniors Card के लिए पात्र नहीं बन पाए हैं।

जब Senior Savers Card धारक अपने रोजगार के समय को कम करना शुरू कर देते हैं या पूरी तरह से सेवानिवृत्त हो जाते हैं, तो वे इसे Seniors Card में बदलकर सेवानिवृत्त लोगों के लिए सरकारी परिवहन में उपलब्ध सभी रियायतें प्राप्त कर सकते हैं।

**आपको इस मार्गदर्शिका में अपनी सदस्यता से अधिकतम लाभ उठाने के बारे में और भी अधिक जानकारी और सुझाव मिलेंगे।**

यदि आप और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं या कार्ड के लिए आवेदन करना चाहते/चाहती हैं, तो वेबसाइट **seniorscard.nsw.gov.au** पर जाएँ या Service NSW से **13 77 88** पर संपर्क करें।

# सभी कार्ड सदस्यों के लिए लाभ

Seniors Card और Senior Savers Card के सभी सदस्य अनेकानेक प्रकार की रियायतों, प्रस्तावों, आयोजनों और संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं।




- पूरे एनएसडब्ल्यू में स्थित भाग लेने वाले व्यवसायों से **प्रतिदिन हजारों रियायतें** प्राप्त की जा सकती हैं। अपना कार्ड दिखाना और इनके बारे में पूछना सुनिश्चित करें



- संबद्ध Seniors Card कार्यक्रमों के माध्यम से **दूसरे राज्यों में और भी अधिक व्यवसायों से रियायतें**




- अनेकानेक व्यवसायों से **विशेष प्रस्ताव**, जिनमें कॉर्पोरेट सहभागी भी शामिल हैं, जैसे:

agl

IGA

INSUREANDGO

- **विशेष सामग्री**, जिसमें जानकारी, विशेष प्रस्तावों, प्रतियोगिताओं, निःशुल्क प्राप्त वस्तुओं तथा और भी बहुत कुछ के बारे में भरपूर जानकारी से भरा हुआ हमारा मासिक **EXTRA ई-न्यूज़लेटर** शामिल है

- आने वाले **आयोजनों** और **गतिविधियों** के बारे में **सही समय पर जानकारी**

- जीवंत फेसबुक ग्रुप, दैनिक अपडेटों और कनेक्ट करने के अवसरों के साथ **NSW Seniors Card community**

- **Discount Directory**, जिसमें ऐसे सौदे उपलब्ध हैं जिनकी आप खोज कर रहे/रही हैं, स्थानीय रूप से या पूरे राज्य-भर में (वेबसाइट **seniorscard.nsw.gov.au** पर ऑनलाइन देखें)

- **Seniors Card मोबाइल ऐप**, जिसमें आप चलते-फिरते समय भी छूटों और सौदों की खोज-परख कर सकते/सकती हैं

# कौन से प्रस्ताव उपलब्ध हैं

जब आपको पता चलेगा कि कितने अलग-अलग तरह के व्यवसाय आपको बेहतरीन सौदे उपलब्ध कराने के लिए Seniors Card कार्यक्रम में शामिल हो गए हैं, तो आप आश्चर्यचकित हो जाएँगे/जाएँगी। आपकी सदस्यता स्थानीय खरीदारी से लेकर घर के खर्चों तथा अगले बेहतरीन अवकाश की योजना बनाने तक आपको बचत उपलब्ध करा सकती है।

सदस्यों के लिए रियायतों और सौदों का लाभ उठाएँ:

- आवास
- मोटर वाहन
- मनोरंजन और आकर्षण
- भोजन और पेय पदार्थ
- स्वास्थ्य और कल्याण
- गृह निर्माण और संशोधन
- व्यावसायिक और व्यक्तिगत सेवाएँ
- रिटेल और ऑनलाइन शॉपिंग
- यात्रा और अवकाश
- उपयोगिताएँ
- और भी बहुत कुछ...

# अपनी सदस्यता से अधिकतम लाभ कैसे उठाएँ

- जब भी आप घर से बाहर जाएँ, अपना कार्ड अपने साथ रखें
- किसी भी व्यवसाय में प्रवेश करते समय Seniors Card Welcome Here संकेत के लिए देखें
- संकोच न महसूस करें – चाहे आपको संकेत दिखाई न भी दे, फिर भी Seniors Card रियायतों के बारे में पूछें
- जब आप कहीं यात्रा कर रहे/रही हैं, तो भी इसके बारे में पूछना सुनिश्चित करें – दूसरे राज्यों में स्थित अनेक व्यवसाय आपकी एनएसडब्ल्यू सदस्यता का सम्मान करेंगे। (आप अन्य राज्यों के संबद्ध Seniors Card कार्यक्रमों की वेबसाइटें देखकर भी पता लगा सकते/सकती हैं कि वहाँ कौन से प्रस्ताव उपलब्ध हैं।)
- अपने स्थानीय क्षेत्र में रियायतों या व्यवसाय के प्रकार या व्यवसाय के नाम से छूटों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए Discount Directory का प्रयोग करें
- Seniors Card मोबाइल ऐप डाउनलोड करके चलते-फिरते समय भी छूटों के बारे में पता लगाएँ
- सभी नवीनतम प्रस्तावों, जानकारी और नि:शुल्क प्राप्त वस्तुओं के बारे में सूचना देने वाला हमारा मासिक EXTRA ई-न्यूज़लेटर प्राप्त करना सुनिश्चित करें (यदि आपने ई-न्यूज़लेटर भेजे जाने के लिए अपना ईमेल पता नहीं दिया है, तो वेबसाइट **seniorscard.nsw.gov.au**) पर जाकर तुरंत यह करें
- विशेष विज्ञापनों और दैनिक समाचार, कहानियों और अपडेट देखने के लिए हमें फेसबुक पर लाइक करें

SENIORS CARD welcome here

An initiative of the NSW Government



**हमें फेसबुक पर लाइक करें**
**@seniorscardNSW**

NSW GOVERNMENT | SENIORS CARD

# Seniors Card सदस्यों के लिए अतिरिक्त लाभ

संपूर्ण या अधिकांश रूप से सेवानिवृत्त **Seniors Card** सदस्य के रूप में आपके पास पूरे एनएसडब्ल्यू-भर में जनपरिवहन में यात्रा करते समय अनेक रियायतें प्राप्त करने का अधिकार है।

Gold Opal कार्ड के साथ आपको सिडनी, ब्लू माउंटेन्स, सेंट्रल कोस्ट, हंटर, इलावारा और सदर्न हाइलैंड्स में जनपरिवहन सेवाओं में रियायत मिल सकती है – चाहे आप कितनी भी सवारी करें, पूरे दिन-भर के लिए अधिकतम $2.50 का शुल्क लागू होगा।




## Gold Opal के लाभ

एनएसडब्ल्यू जनपरिवहन में सवारी करने के लिए सबसे सुविधाजनक तरीका Opal है। और पात्र Seniors Card सदस्यों को Gold Opal के साथ परिवहन में बेहतरीन रियायतें भी मिलती हैं। Gold Opal के साथ आपको ये सब मिलता है:

- **$2.50 प्रतिदिन के शुल्क पर इनमें असीमित यात्रा:**
  - सिडनी में सभी ट्रेनें
  - NSW Trainlink इंटरसिटी की सभी सेवाएँ
  - सिडनी, ब्लू माउंटेन्स, सेंट्रल कोस्ट, हंटर और इलावारा में सभी बसें
  - सिडनी में सभी फेरी और न्यूकैसल में स्टॉकटन फेरी
  - लाइट रेल

*सिडनी एयरपोर्ट स्टेशन एक्सेस शुल्क के अलावा

- **इनमें यात्रा करते समय अतिरिक्त रियायतें:**
  - नियमित मार्गों पर निजी रूप से संचालित स्थानीय बस सेवाएँ
  - NSW Trainlink की सभी ग्रामीण सेवाएँ
  - भ्रमण के लिए टिकट – Country Pensioner Excursion और Regional Excursion Daily के लिए टिकट का अधिकार
- **पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में परिवहन रियायतें** – अर्हता प्राप्त करने के बारे में जानकारी के लिए उस राज्य या राज्य-क्षेत्र की Seniors Card वेबसाइट देखें, जहाँ आप जा रहे/रही हैं।
- **सुविधाजनक, पुन:उपयोग किया जाने वाला स्मार्टकार्ड** – हरेक बार यात्रा करते समय कागज के भ्रमण टिकट खरीदने की तुलना में यह बहुत आसान है। केवल लोड करें और यात्रा करें - या इसे स्वत: टॉप-अप करने के लिए सेट करें, ताकि आपको नकदी के लिए फिर से कहीं जाना न पड़े।
- **सुरक्षा** – यदि आपका कार्ड गुम या चोरी हो जाता है, तो भी आपका शेष मूल्य सुरक्षित और संरक्षित रहेगा और इसे नए कार्ड में स्थानांतरित किया जा सकता है।

परिवहन में रियायतों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.transportnsw.info** पर जाएँ या **131 500** पर कॉल करें।

## अपना Gold Opal कार्ड कैसे प्राप्त करें

अपने 9 अंकों वाला Seniors Card नंबर अपने पास रखें और इन तीन आसान तरीकों में से किसी भी तरीके का प्रयोग करें:

- **वेबसाइट www.opal.com.au पर जाएँ**
- **13 67 25 (13 OPAL) पर कॉल करें**
- **किसी भी Service NSW केंद्र में जाएँ**

क्या आपके पास अपने कार्ड को एक्टिवेट करने, टॉप-अप करने, दूसरे कार्ड के लिए ऑर्डर देने या Opal के बारे कोई भी अन्य प्रश्न हैं? **13 67 25 (13 OPAL)** पर कॉल करें या वेबसाइट **www.opal.com.au** पर जाएँ।

**कृपया ध्यान दें:** जो Senior Savers Card धारक प्रति सप्ताह 20 घंटे या इससे अधिक समय के लिए वैतनिक रोजगार में काम करते हैं, वे सेवानिवृत्त लोगों के लिए उपलब्ध Gold Opal कार्ड और परिवहन रियायतों के लिए अभी पात्र नहीं होंगे। जब Senior Savers Card धारक अपने रोजगार के समय को कम करना शुरू कर देते हैं या पूरी तरह से सेवानिवृत्त हो जाते हैं, तो वे इसे Seniors Card में बदलकर सभी रियायतें प्राप्त कर सकते हैं।

# उपयोगी संपर्क सूची

**आपातकाल - एंबुलेंस, पुलिस और अग्नि**
T: 000

**कार्यकाल की अवधि के बाद जीपी हेल्पलाइन**
T: 1800 022 222

**My Aged Care**
www.myagedcare.gov.au
T: 1800 200 422
सोम से शुक्र सुबह 8बजे – रात 8बजे
शनिवार सुबह 10बजे – दोपहर 2बजे

**एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (SES)**
T: 132 500

**Lifeline**
T: 13 11 14
24-घंटे संकट समर्थन

**एनएसडब्ल्यू विष सूचना केंद्र**
T: 13 11 26

**वयोवृद्ध दुर्व्यवहार हेल्पलाइन**
T: 1800 628 221

**एनएसडब्ल्यू वरिष्ठजन सूचना सेवा**
T: 137 788

**Transport NSW**
www.transport.nsw.gov.au
T: 131 500

**Fair Trading विभाग**
www.fairtrading.nsw.gov.au
T: 13 32 20
सोम से शुक्र
सुबह 8:30बजे – शाम 5बजे

**Centrelink**
www.servicesaustralia.gov.au/individuals/centrelink
T: 132 468

यदि आप किसी दूसरे राज्य में यात्रा कर रहे/रही हैं, तो NSW Seniors Card के सदस्य के रूप में अपने लिए उपलब्ध रियायतों के बारे में जानकारी के लिए उपयुक्त Seniors Card कार्यालय से संपर्क करें।

**ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र Seniors Card COTA ACT**
T: (02) 6282 3777
www.actseniorscard.org.au

**उत्तरी राज्य-क्षेत्र Seniors Card**
T: 1800 441 489
www.ntseniorscard.org.au

**क्वींसलैंड Seniors Card**
T: 13 QGOV (13 74 68)
www.qld.gov.au/seniorscard

**दक्षिण ऑस्ट्रेलिया Seniors Card**
T: 1800 819 961
www.sa.gov.au/seniorscard

**तस्मानिया Seniors Card**
T: 1300 135 513
www.seniors.tas.gov.au

**पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया Seniors Card**
Seniors Card Centre
T: 1800 671 233
www.seniorscard.wa.gov.au

# गोपनीयता/अस्वीकरण संबंधी जानकारी



Seniors Card और Senior Savers Card आपकी गोपनीयता के महत्व को पहचानते हैं और आपके बारे में हमारे पास उपलब्ध सभी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम केवल उतनी ही व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, जितनी हमें अपने कार्य करने के लिए आवश्यक है और हम इस जानकारी का उपयोग या खुलासा केवल केवल ऐसे उद्देश्यों के लिए ही करेंगे, जिनके लिए यह उपलब्ध कराई गई थी। इनमें आपको अपना Seniors Card या Senior Savers Card प्रदान करना तथा वार्षिक Seniors Directory, डाक से भेजे गए प्रपत्र और सदस्यों के लिए गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना शामिल है। हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए Seniors Card कुछ सदस्यों का सर्वेक्षण भी कर सकता है। हम आपके बारे में जो व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करके सहेजकर रखते हैं, उसमें वह जानकारी भी शामिल होती है जो आप Seniors Card या Senior Savers Card का आवेदन करते समय या हमारी वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरते समय हमें प्रदान करते/करती हैं। इसमें आपका नाम, पता, जन्मतिथि और संपर्क विवरण शामिल होंगे।

यदि आप हमारी गोपनीयता नीति के बारे में और अधिक जानकारी पढ़ना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया हमारी ऑनलाइन वेबसाइट **http://www.seniorscard.nsw.gov.au/privacy-policy** पर जाएँ।

# संपर्क जानकारी

आप कई तरीकों से NSW Seniors Card से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

W: **www.seniorscard.nsw.gov.au**

T: **13 77 88**

E: **info@service.nsw.gov.au**

यदि आप सुनने में अक्षम हैं या आपको बोलने या सुनने में कठिनाई होती है, तो Service NSW के फोन नंबर पर कॉल करने से पहले राष्ट्रीय रिले सेवा (NRS) को **133 677** (TTY उपयोगकर्ता) या **1300 555 727** (स्पीक एंड लिसन उपयोगकर्ता) पर डायल करें।

## अपना विवरण अपडेट करें या दूसरे कार्ड का ऑर्डर दें

जब आपके संपर्क विवरण में कोई परिवर्तन होता है, तो आपको इसके बारे में हमें बताना महत्वपूर्ण है। अपना विवरण अपडेट करने के लिए या दूसरे कार्ड का ऑर्डर देने के लिए:

- वेबसाइट **www.service.nsw.gov.au** पर जाएँ
- ईमेल पते **info@service.nsw.gov.au** पर ईमेल भेजें
- **13 77 88** फोन करें
- या किसी भी **Service NSW केंद्र** में जाएँ




NSW GOVERNMENT | SENIORS CARD

हमें फेसबुक पर लाइक करें
@seniorscardNSW